# लूट के इरादे से सर्राफा व्यापारी पर फायरिंग करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस 50 सीसीटीवी खंगालते हुए आरोपियों तक पहुंची और गिरफ्तार किया

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर के रूपवास में गत 12 नवंबर को सर्राफा व्यापारी का बैग लूटने में नाकाम रहे आरोपियों ने फायरिंग की थी। पुलिस 50 सीसीटीवी खंगालते हुए आरोपियों तक पहुंची। वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी दिगंत आनंद ने शुक्रवार को बताया कि रूपवास कस्बे के महादेव चौक के पास मनुआ वाली गली में 12 नवंबर को 3 बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी धीरज रघुवंशी को लूटने की कोशिश की। धीरज के पास ज्वेलरी और कैश से भरा बैग था। आरोपियों ने बैग छीनने की कोशिश की, लेकिन धीरज ने बैग नहीं छोड़ा। इस पर आरोपियों ने फायरिंग कर दी। फायर के छर्रे धीरज के पास खड़े किराना व्यापारी अरुण सिंघल के चेहरे पर लगे। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। व्यापारियों ने आक्रोश जताया और पुलिस में रिपोर्ट दी। एसपी दिगंत आनंद ने बताया बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमों का गठन किया गया।



सर्राफा व्यापारी पर फायरिंग करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

पुलिस ने 50 सीसीटीवी के फुटेज इकट्ठे किए। सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान की गई। वे रूपवास कस्बे के ही रहने वाले थे। तीनों को चिन्हित कर थाने पर लाया गया। उनसे सर्राफा व्यापारी की लूट की वारदात को लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना कबूल किया। तीन आरोपियों में से दो गुज्जर नट और सौरभ नट सगे भाई हैं। दोनों रूपवास में बांगड़ कॉलोनी के रहने वाले हैं। तीसरा साथी चंद्रकेश उर्फ़ लुक्का भी बांगड़ कॉलोनी में रहता है। तीनों से पूछताछ की जा रही है। एसपी दिगंत आनंद ने बताया अब तक हुई पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने गिरोह बना रखा था, गिरोह के कुछ लोग व्यापारी की रेकी कर रहे थे। इसके बाद लूट की साजिश रची गई। लूट नाकाम हुई तो फायरिंग कर दी। वारदात में इस्तेमाल बाइक जब्त कर लगी है। हथियारों को लेकर पूछताछ जारी है।

- **आरोपियों ने गिरोह बना रखा था, गिरोह के कुछ लोग व्यापारी की रेकी कर रहे थे, इसके बाद लूट की साजिश रची गई**

# एफसीआई गोदाम से हजारों टन गेंहू का गबन, जांच शुरु

## विभागीय स्तर पर जांच में कुछ लोगों की मिलीभगत सामने आई, जिसमें सरकारी कर्मचारी भी शामिल रहे

**जोधपुर,** (कासं)। बासनी औद्योगिक क्षेत्र द्वितीय चरण में एफसीआई गोदाम से हजारों टन गेंहू का गबन हुआ। पूर्व में पता लगने पर विभागीय स्तर पर जांच की गई, तब कुछ लोगों की मिलीभगत सामने आई, जिसमें सरकारी कर्मचारी भी शामिल रहे। गेंहू कितने का था, इस बारे में खुलासा नहीं हुआ है। गबन छह माह तक चलता रहा। ऑडिट में इसका खुलासा हो पाया। अब एफसीआई के प्रवर्तन अधिकारी ने कुछ लोगों को नामजद कर बासनी थाने में रिपोर्ट दी है, जिसमें गहनता से तफ्तीश आरंभ की गई है।

- **गबन छह माह तक चला, ऑडिट में खुलासा हुआ, एफसीआई के प्रवर्तन अधिकारी ने थाने में रिपोर्ट दी**

जिला रसद विभाग के प्रवर्तन निरीक्षक राजकरण बारहठ की तरफ से बासनी थाने में केस दर्ज करवाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार एफसीआई का गोदाम बासनी द्वितीय चरण में आया है। 1 सितंबर 24 से लेकर 28 फरवरी 25 तक गोदाम से लाखों टन गेंहू का गबन होना मिला। लोगों तक गेंहू नहीं पहुंचा। ऑडिट मिलान और जांच में आरंभिक तौर पर पता लगा कि इसमें ट्रांसपोर्टर से लेकर सरकारी कार्मिक शामिल है। बारहठ ने बासनी थाने में कुछ लोगों राजेश पंवार, मंगलाराम, खेताराम, नरेश दातवानी उर्फ कालू आदि को नामजद कर रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में गेंहू कितने का था इसका जिक्र नहीं किया गया है, मगर उसकी क्वांटीटी हजारों टन में बताई जाती है।

# किसान की कुएं में गिरने से मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा जिले के आसींद थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जब गुरुवार शाम से लापता किसान का शव कुएं से बरामद किया गया।

बरनाघर निवासी धर्मीचंद गुर्जर (55) की मौत कुएं में डूबने से हुई है। गुरुवार शाम वे अपने खेत पर मोटर चलाने गए थे, लेकिन घर नहीं लौटे। देर रात जब परिजन खेत पहुंचे तो कुएं में उनकी पगड़ी तैरती देख अनहोनी की आशंका हुई। सूचना पर पुलिस और ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। कुआं पानी से भरा होने के कारण रेस्क्यू में भारी दिक्कतें आईं। ग्रामीणों की मदद से तीन मोटरों के जरिए पूरी रात पानी निकाला गया। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे पानी का स्तर कम होने पर अजमेर से बुलाई गई एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर शव को बाहर निकाला।


मृतक किसान ( फाइल फोटो )।

मृतक के पुत्र पुखराज गुर्जर ने बताया कि उनके पिता मोटर का पाइप बांधते समय फिसलकर कुएं में गिर गए थे। पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आसींद भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिवार को सौंप दिया गया।

# बीएलओ निलंबित

**नदबई/भरतपुर,** (निसं)। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में लापरवाही बरतने पर विधानसभा क्षेत्र नदबई के बीएलओ राजवीरसिंह को निलंबित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि एसआईआर के अन्तर्गत परिगणना प्रपत्र के शून्य डिजिटाइजेशन एवं द्वितीय चरण के परिगणना प्रपत्रों को सुपरवाईजर से प्राप्त किए बिना ही ऑनलाइन वितरण प्रगति को प्रदर्शित करने एवं उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना एवं मतदाता सूची से सम्बन्धित राष्ट्रीय महत्व के कार्य में लापरवाही पर नदबई के बीएलओ राजवीर सिंह, अध्यापक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, लखनपुर (नदबई) को निलम्बित किया गया है। उन्होंने बताया कि निलम्बनकाल में बीएलओ राजवीर सिंह का मुख्यालय कार्यालय उपखण्ड अधिकारी में रहेगा।

# भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में प्रदर्शनी का शुभारंभ

**अलवर,** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शुक्रवार को प्रताप ऑडिटोरियम में भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जन्म जयन्ती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव वर्ष के तहत जिला प्रशासन के द्वारा एवं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहयोग से लगाई गई दो दिवसीय प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुण्डा की जीवनी पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

- **भगवान बिरसा मुण्डा की जीवनी पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया**


जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने दो दिवसीय प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, समर्पण एवं आत्मनिर्भरता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन से प्रेरणा लेकर जनजातीय समाज के उत्थान के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वित्त सुनिश्चित की जा रही है, जिसके तहत जिले के जनजातीय बहुल 142 गांवों में लगभग 17 विभागों की 25 जनकल्याणकारी योजनाओं में सैचुरेशन स्तर प्राप्त करने के लिए अनवरत कार्य किया जा रहा हैं।

जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने प्रताप ऑडिटोरियम में प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काटकर किया। प्रदर्शनी में भगवान बिरसा मुंडा की जीवनगाथा के रूप में उनके संघर्षों एवं आदिवासी समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनजातीय समाज के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं पर आधारित चित्र लगाए गए, जिसको आमजन एवं विद्यालयों के बालक-बालिकाओं ने उत्साह के साथ देखा। प्रदर्शनी में आए लोगों ने प्रदर्शनी को ज्ञानवर्धक बताया। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में उनके जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रताप ऑडिटोरियम में प्रदर्शन किया गया, डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी संपूर्ण जीवनी एवं ऐतिहासिक योगदानों के बारे में अवगत करवाया गया। बच्चों ने लघु फिल्म को प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रविंद्र, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेंद्र शर्मा, जिला परिषद के अधिशासी अभियंता प्यारेलाल मीणा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक मनोज कुमार मेहरा सहित जनप्रतिनिधि आमजन एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 16 को

**अजमेर,** (निसं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2025 का आयोजन 16 नवंबर को किया जाएगा। प्रदेश के समस्त 41 जिलों में यह परीक्षा ली जाएगी। बोर्ड द्वारा ऑनलाइन प्रवेश पत्र और केन्द्र सामग्री जारी कर दी गई है।

- **प्रदेश के समस्त 41 जिलों में यह परीक्षा ली जाएगी बोर्ड द्वारा ऑनलाइन प्रवेश पत्र जारी किये गये**

बोर्ड सचिव गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि कक्षा 10 और 12 के लिए राज्यस्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा एसटीएसई का आयोजन रविवार को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा।

इसके लिए केंद्र सामग्री और परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। सभी संस्था प्रधान इन्हें पूर्व में प्रदत्त लॉगिन आईडी पासवर्ड की सहायता से डाउनलोड कर हार्ड कॉपी निकाल कर परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराएंगे। केन्द्र अधीक्षक भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार केंद्र सामग्री डाउनलोड कर लेंगे। सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक बोर्ड कार्यालय में 15 व 16 नवंबर को नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

# आवासीय भूमि से कब्जा खाली करने से इनकार, परिवादी को धमकाया

**भरतपुर,** (निसं)। जिले के डेहरा मोड़ पुलिस चौकी की ओर से आवासीय भूमि से कब्जा खाली करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं जब परिवादी कब्जा लेने व नाप कराने के लिए पहुंचा तो उसे धमकाकर भगा दिया गया, जबकि इस प्रकरण में खुद एसपी कार्रवाई के लिए निर्देशित कर चुके हैं।

शहर के सहयोग नगर निवासी कुलदीप सिंह पुत्र हरभान सिंह ने परिवाद में कहा है कि डेहरा मोड पुलिस चौकी के बगल में उसके दो आवासीय भूखंड हैं। आवासीय भूमि पर चौकी वालों की ओर से जप्तसुदा वाहनों का ढेर लगा रखा है एवं प्रभारी को जमीन से सामान हटाने को कहा तो उन्होंने धमकाकर भगा दिया। 18 सितंबर 2024 को तत्कालीन जिला पुलिस अधीक्षक के समक्ष परिवेदना दी थी इस पर एएसपी उज्जैन को न्याय उचित कार्रवाई के लिए आदेश जारी किए थे। उस पर भी आज तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। 2 सितंबर 2024 को आईजी के समक्ष प्रवेदना प्रस्तुत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 5 जून 2025 को तहसीलदार नदबई के आदेश पर पटवारी एवं गिरदावर की ओर से पैमाइश की गई। इस चौकी प्रभारी ने नहीं माना। 7 अगस्त 2025 को तहसीलदार नदबई की ओर से तीन पटवारी एवं दो गिरदावर की टीम गठित करते हुए जमीन नापकर निशानात लगाए एवं ईंट गाढ़कर निशान पक्के किये। नाप के बाद जब हम मुडड़ी लेकर उन्हें गाड़ने एवं तारबंदी करने गए तो चौकी प्रभारी ने कहा कि क्या नाप होती है। मैं किसी नापतोल को नहीं मानता, यह कहकर थाने में बंद करने की धमकी दी एवं भगा दिया। मेरी इस बेशकीमती आवासीय भूमि पर चौकी प्रभारी अपने अधिकार एवं शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए जमीन पर जबरन कब्जा कर रखे हुए हैं। परिवादी ने एसपी से मांग की है कि जल्द जमीन का कब्जा दिलाया जाए, ताकि वह जमीन पर निर्माण कार्य कर सके।

# अवैध खनन व अतिक्रमण के विरोध में ग्रामीणों में रोष

**भुसावर/भरतपुर,** (निसं)। भुसावर उपखण्ड के सुहारी और कोटकी गांवों के दर्जनों ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अवैध खनन और अतिक्रमण से हो रही परेशानियों से निजात दिलाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों द्वारा उपखण्ड अधिकारी राधेश्याम मीणा को दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि सुहारी और कोटकी गांवों की तलहटी के पास पहाड़ों में हो रहे अवैध खनन से फसलें और चारागाह भूमि नष्ट हो रही है। अवैध खनन के दौरान किए जा रहे ब्लास्ट से आसपास के क्षेत्रों में भूजल स्तर नीचे जा रहा है, साथ ही चारागाह और पेड़-पौधे भी नष्ट हो रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि दबंग व्यक्तियों द्वारा गांव के चारागाह और पहाड़ी क्षेत्र की भूमि पर जबरन अतिक्रमण कर अवैध कब्जा किया जा रहा है। चारागाह के पेड़ों को काटकर रास्ते बना दिए गए हैं, जिससे पशुओं का चारा पूरी तरह नष्ट हो रहा है। हरित राजस्थान योजना के तहत चारागाह भूमि पर लगाए गए 1500 पेड़ भी नष्ट कर दिए गए हैं। गांव में अवैध खनन से उड़ने वाले धूल के गुबारों के कारण लोगों को सिलिकोसिस जैसी गंभीर बीमारियां हो रही है।


सुहारी कोटकी के ग्रामीणों ने अवैध खनन व अतिक्रमण के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन।

इस संबंध में उपखण्ड अधिकारी राधेश्याम मीणा ने बताया कि ग्रामीणों ने अवैध खनन और चारागाह भूमि में अतिक्रमण की शिकायत को लेकर ज्ञापन दिया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# ऑनलाइन गैमिंग से धोखाधड़ी, सात जने गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। बड़गांव थाना पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग जरिये आमजन से धोखाधड़ी कर नकदी की ठगी करने के मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर बड़गांव थानाधिकारी पूरणसिंह राजपुरोहित, डीएसटी टीम संयुक्त कार्यवाही करते हुए मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर बड़ी मौया चौराहा के पास स्थित इडीर्नाकाडिया नामक विला पहुंचे, जहां ठहरे गौरव पुत्र गिरधारी भंडारी निवासी भुपालपुरा हाल सर्वऋतुविलास सूरजपोल, रोहित शर्मा पुत्र जगदीश शर्मा निवासी आर के कॉलोनी सुभाषनगर भीलवाड़ा हाल सीपीएस स्कूल से आगे भूपालपुरा, भाग्यदीपसिंह झाला पुत्र सुखदेवसिंह निवासी पारस सोसायटी तेजाभाई पार्क राजकोट गुजरात, बृजराजसिंह पुत्र नटुबासिंह झाला निवासी पारस सोसायटी तेजाभाई पार्क पडढरी राजकोट गुजरात, पार्थ ओझा पुत्र गुणवन्तभाई अक्षर सोसायटी मोतीपुरा ए डिविजन हिम्मतनगर, मयूर पटेल पुत्र मनहरमाई निवासी न्यू सिविल रोड़ मोतीपुरा ए डिविजन हिम्मतनगर गुजरात हॉल लक्ष्मीपुरा देहगांव गांधीनगर गुजरात व कुम्हारों का मोहल्ला बान्सी चित्तौड़गढ़ हाल युनिवर्सीटी रोड निवासी मोतिसिंह पुत्र बलवन्तसिंह आदि साइबर ठगी एवं ऑनलाइन गैमिंग से धोखाधड़ी करते पाए गए, जो अलग-अलग राज्यों से ऑनलाइन फाईनेंसियल फ्रॉड से संबंधित भारत सरकार द्वारा संचालित एनसीअरबी पोर्टल पर शिकायतें दर्ज हो रखी है। जिन्होंने लोगों के बैंक खातें कमीशन पर लेकर कमीशन पर अन्य को देकर उनके जरिये लेन-देन कर ऑनलाइन ठगी करने की जानकारी सामने आई, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# दुकानदार को 20 लाख के चोरी के मोबाइल बेचे

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के एमजीएच रोड स्थित रायबहादुर मार्केट के पास मोबाइल के होलसेलर-रिटेलर को फलोदी के एक व्यापारी ने चोरी के 28 मोबाइल बेच डाले। बदले में 20 लाख रूपए ले लिए। हरियाणा के गुरूग्राम से पुलिस यहां पहुंची तब पता लगा कि मोबाइल चोरी के है। पीड़ित ने पूर्व में पुलिस के चक्कर काटे मगर केस दर्ज नहीं किया गया। अब उसने कोर्ट में इस्तगासे के माध्यम से धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज करवाया है।

जानकारी के अनुससार 17 ई सेक्टर सीएचबी के रहने वाले नवनीत अरोड़ा पुत्र नंदकिशोर अरोड़ा ने यह रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह वह एमजीएच रोड पर रायबहादुर मार्केट के पास में राजेंद्र मोबाइल प्लाजा नाम से दुकान चलाता है। वह मोबाइल का होलसेलर होने के साथ रिटेल में भी कारोबार करता है। उसका बिजनेस फलोदी के बरकत कॉलोनी निवासी पवन मुंजासर के साथ में गत एक साल से चल रहा था। दोनों आपस में मोबाइल खरीद-फरोख्त कर रहे थे। इस साल 13 और 14 अगस्त को पवन मुंजासर से 28 महंगे फोन खरीदे गए थे। जिसकी कीमत बीस लाख दो हजार थी। प्रति मोबाइल 71 हजार 500 का था। पवन को मोबाइल के रूपए केश और यूपीआई द्वारा किए गए थे। हाल में 11 अक्टूबर को गुरू ग्राम हरियाणा से पुलिस परिवादी नवनीत अरोड़ा की दुकान पर पहुंची और कहा कि वे मोबाइल चोरी के हैं। इस बारे में हरियाणा आने का नोटिस दिया गया। घटना का पता लगने पर आरोपी पवन से बात करने की कोशिश को वह पहले टालमटोल जवाब देने लगा, मगर बार में फोन बंद कर दिया। वाट्सऐप पर मैसेज के जवाब भी नहीं देता था। पीड़ित ने घटना को लेकर पुलिस की शरण ली मगर केस दर्ज नहीं किया गया, अब कोर्ट के मार्फत उदयमंदिर थाने में केस दर्ज करवाया गया है।

- **हरियाणा से पुलिस यहां पहुंची, तब पता लगा कि मोबाइल चोरी के हैं**
- **पुलिस ने कोर्ट से इस्तगासे पर अब जालसाजी का केस दर्ज किया**

# बाल दिवस पर जागरूकता रैली निकाली

**जालोर,** (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में शुक्रवार को बाल दिवस पर शुक्रवार को कई जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रैली का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। रैली को जिला न्यायाधीश हारून ने हरी झंडी दिखाकर रवाना। यह रैली जिला न्यायालय परिसर से रवाना होकर अस्पताल चौराहा होते हुए हरिदेव जोशी सर्किल से वन वे होते हुए वापस जिला न्यायालय में आकर विसर्जित हुई। रैली में विद्यार्थी हाथों में तख्तियां लिए विभिन्न नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश प्रमोद कुमार मलिक, पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश अमर वर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद, सीजेएम प्रिया टावरी, एसीजेएम राजेंद्रसिंह चारण, एसीजेएम संख्या द्वितीय अंकित दवे, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश कुमार मीणा, एसीबीईओ रमेश खोरवाल, जब्बरसिंह देवडा आदि मौजूद रहे।

इस दौरान अतिथियों के हाथों न्याय आपके द्वारा लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ और त्वरित समाधान को लेकर रालसा की ओर से शुरू किए गए तीन माह के अभियान के प्रचार प्रसार को लेकर पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर विधिक जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद ने बाल दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने निशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर स्कीम, राष्ट्रीय लोक अदालत, पीएलवी के कार्य एवं अन्य जानकारी दी। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश कुमार मीणा ने बाल दिवस के बारे में विस्तार से बताया एवं अपने अधिकरों के प्रति सचेत होने का आव्हान किया। इस दैरान महात्मा गांधी स्कूल शिवाजी नगर के अध्यापक हितेश दवे ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पीटीआई नरेश लोकर, सज्जन कुमार, शैलजा माथुर, शिवदत्त आर्य, रमेश दान, जेठाराम, हनुमान दवे, रोहिताश्व शर्मा, प्रियंका शर्मा, धनवंत, अश्विनी कुमार आदि मौजूद रहे।

इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पोस्टर, निबंध व वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में 13 निबंध प्रतियोगिता में 21 वाद विवाद प्रतियोगिता में 7 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम नेहल माथुर महात्मा गांधी विद्यालय शिवाजी नगर व राकेश परिहार पीएम श्रा राउमावि जालोर तथा द्वितीय काव्या ठाकुर महात्मा गांधी विद्यालय शिवाजी नगर व तृतीय स्थान पर जितेंद्र कुमार पीएमश्री राउमावि जालोर रहे। निर्णायक की भूमिका शैलजा माथुर व प्रियंका शर्मा ने निभाई।

# फर्नीचर व्यापारी को लूटने वाले पंजाब से गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। यहां चैताली एनक्लेव के पास फर्नीचर व्यापारी की आंखों में मिर्ची डालकर लूट करने के मामले में पुलिस ने दो बदमाशों को बापर्दा गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों बदमाश दोस्त हैं और पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब के रहने वाले हैं। बदमाशों ने व्यापारी को बचाने आए युवकों पर चाकूओं से जानलेवा हमला भी किया था।

सदर थानाधिकारी सुभाषचंद्र ने बताया कि सात नवंबर की शाम को फर्नीचर व्यापारी गुरसिमरन गोयल (30) अपने इंद्रा वाटिका के पास स्थित मनन फर्नीचर से इलेक्ट्रिक स्कूटी पर शोरूम से घर लौट रहे थे। उनके पास बैग में तीन-चार दिनों की कलेक्शन के चार लाख रुपए थे। साथ ही बैग में एक महंगा लैपटॉप और जरूरी कागजात भी थे। घर से महज 300 मीटर दूर चैताली एनक्लैव में पार्क के पास पीछे से अचानक बाइक पर सवार दो बदमाश आए। उन्होंने व्यापारी की स्कूटी रोकी और बैग छीनने की कोशिश। गुरसिमरन ने बैग नहीं छोड़ा तो बदमाशों ने व्यापारी की आंखों में मिर्ची पाउडर झोंक दिया, जिससे व्यापारी की आंखें जलने लगी तो उसने चीख-पुकार शुरू की। इसी दौरान शोर सुनकर पीछे से आ रहे दो युवकों ने बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की तो बदमाशों ने चाकू निकालकर उनपर हमला कर दिया और बैग छीनकर फरार हो गए।

घायलों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए शहर में नाकाबंदी करवाई, लेकिन आरोपी फोन स्विच ऑफ कर भाग गए। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए स्पेशल टीम का गठन किया। पुलिस ने 200 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले और लोकेशन ट्रेस कर आरोपियों को डिटेन किया। इसके बाद उन्हें पंजाब के अमृतसर व लुधियाना से दबिश देकर पकड़ लिया गया। पकड़े गए दोनों बदमाश श्रीमुक्तसर साहिब (पंजाब) के रहने वाले हैं। दोनों बदमाश नशेड़ी प्रवृत्ति के हैं और नशे की लत पूरी करने के लिए ये लूट की वारदातों को अंजाम देते थे।

# छात्रा से छेड़छाड़, लोगों ने युवक को दबोचा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। मांडल कस्बे के मेजा रोड पर गुरुवार देर शाम पढ़ाई कर लाइब्रेरी से घर लौट रही एक छात्रा से छेड़छाड़ की घटना सामने आई। छात्रा रोज की तरह पैदल रास्ते से घर लौट रही थी, तभी एक मनचला युवक उसका पीछा करते हुए रास्ता रोककर अभद्र हरकतें करने लगा। घबराई छात्रा ने हिम्मत जुटाई और वहां से गुजर रहे राहगीरों को पूरी बात बताई। छात्रा की बात सुनते ही राहगीरों ने तुरंत आरोपी युवक को मौके पर ही पकड़ लिया, जिससे वह भाग नहीं पाया। इसी दौरान गश्त के तहत वहां से गुजर रही पुलिस सखी रंजना पुरोहित भी मौके पर पहुंची। उन्होंने स्थिति को समझते हुए राहगीरों से आरोपी को सुरक्षित रोककर रखने को कहा और तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस दल मौके पर पहुंचा और मनचले को हिरासत में लेकर थाने ले गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी पहले भी क्षेत्र में घूमता रहता था, लेकिन इस बार राहगीरों की सतर्कता और छात्रा की सूझबूझ के कारण वह पकड़ा गया।

लोगों ने पुलिस सखी रंजना पुरोहित की तत्परता और साहस की सराहना की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने छात्राओं और महिलाओं से अपील की है कि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस या पुलिस सखी से संपर्क करें।